# माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर

(पुँवारका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन–247120)

Website- msuniversity.ac.in Email ID – registrar@msuniversity.ac.in

पत्रांक : 480 / 03 / परीक्षा / MSU / 2022 दिनांकः 19.05.2022

## –सूचना–

माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर द्वारा सम्बद्ध राजकीय / अनुदानित / स्ववित्त पोषित महाविद्यालयों / संस्थानों में B.Ed., BFA/B.Sc.(Biotechnology/B.Sc. Hon's (Biotechnology)/ B.Sc. (Microbilogy)/ B.Sc. Hon's (Microbiology)/ B.Sc (PE, HE & SPORTS/ B.A. B.Ed/ B.El.Ed., B.Ed. एंव B.P.Ed पाठ्यक्रम में प्रवेशित छात्र–छात्राओं के परीक्षा आवेदन फार्म भरे जाने की अन्तिम तिथि दिनांक : 16.05.2022 निर्धारित थी। संज्ञान में आया है कि काफी संख्या में ऐसे अभ्यर्थी है, जिन्होंने परीक्षा आवेदन फार्म भर दिया था, किन्तु किसी कारणवश परीक्षा शुल्क जमा नहीं कर सके है।

कुलपति महोदय के आदेशानुसार ऐसे छात्र जिन्होंने परीक्षा शुल्क जमा नहीं किया है, को अन्तिम अवसर प्रदान करते हुये परीक्षा शुल्क जमा किये जाने हेतु दिनांक : 23 एवं 24 मई, 2022 निर्धारित की जाती है। अतः उक्त अभ्यर्थी इन दिवसों में विश्वविद्यालय की वेबसाईट **www.msuniversity.ac.in** पर दिये गये लिंक पर जाकर शुल्क जमा करे तथा महाविद्यालय से फार्म अग्रसारित कराते हुये विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग में दिनांक : 25.05.2022 तक परीक्षा फार्म जमा किया जाना सुनिश्चित करें।

कुलसचिव

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

01. प्राचार्य / प्राचार्या / निदेशक, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय / संस्थान, माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर को इस आशय के साथ प्रेषित कि परीक्षा फार्म अग्रसारण से पूर्व अर्हता की भली–भांति जांच कर ली जाये कि जिस पाठ्यक्रम के लिए छात्र आवेदन कर रहा है, उसके लिए वह अर्ह है अथवा नहीं, अन्यथा की स्थिति में परीक्षा फार्म निरस्त कर दिया जायेगा, जिसका पूर्ण उत्तरदायित्व सम्बन्धित छात्र एवं महाविद्यालय / संस्थान का होगा।
02. सम्पादक, समस्त दैनिक समाचार पत्र को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि कृपया उक्त प्रेस विज्ञप्ति को अपने सम्मानित दैनिक समाचार पत्र के सभी संस्करणों में विशेष स्थान देते हुए छात्रहित में निशुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करे।
03. सचिव कुलपति को, माननीय कुलपति जी के संज्ञानार्थ प्रेषित।
04. वैयक्तिक सहायक–कुलसचिव को, कुलसचिव जी के सूचनार्थ प्रेषित।
05. वयैक्तिक सहायक–वित्त अधिकारी को वित्त अधिकारी जी के सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
06. सहा0 कुलसचिव / प्रभारी–अति गोपनीय विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
07. सहा0 कुलसचिव / प्रभारी (परीक्षा / गोपनीय / लेखा / सामान्य / कमैटी सैल) को सूचनार्थ प्रेषित।
08. समस्त अनुभाग प्रभारी ।
09. विश्वविद्यालय द्वारा अधिकृत एजेन्सी, को इस आशय के साथ प्रेषित कि उपरोक्त समस्त पाठ्यक्रमों के परीक्षा फार्मों को विश्वविद्यालय नियमानुसार ही भरवाने की व्यवस्था सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

कुलसचिव